**प्रेषक,**

**मनोज कुमार राय,**
पीठासीन अधिकारी
मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण,
शाहजहाँपुर।

**सेवा में,**

**माननीय महानिबन्धक,**
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

**महोदय,**

ससम्मान निवेदन है कि मेरे द्वारा वर्ष 2013- 2015 तक का सम्पत्तिक विवरण जनपद न्यायालय बलिया से पत्रांक सं0-720/1 दिनांकित 13-03-2015 को तथा वर्ष 2016-2018 तक का जनपद न्यायालय गोरखपुर से पत्रांक सं0-1324/5 दिनांकित 14-11-2018 को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहबाद को भौतिक रूप से प्रेषित किया जा चुका है। मेरा स्थानान्तरण वर्ष 2020 में जनपद न्यायालय गोरखपुर से मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जनपद शाहजहांपुर में हो गया। स्थानान्तरण के फलस्वरूप जरूरी कागजात कहीं गुम हो जाने के कारण तथा मैं वर्ष 2021 में अप्रैल माह में कोविड से पीडित होने व मई माह में पत्नी व बच्चों कोविड से प्रभावित होने के कारण अपना सम्पत्तिक विवरण वर्ष 2019-2021 तक का समय से प्रेषित नहीं कर सका, जिसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ। वर्ष 2019-2021 तक का सम्पत्तिक विवरण मेरे द्वारा आज निर्धारित प्रोफार्मा/पारूप में भेजा जा रहा है। मेरे द्वारा भविष्य में ऐसी कोई गलती नहीं होगी।

अतः माननीय महोदय से अनुरोध है कि उक्त सम्पत्तिक विवरण को माननीय न्यायालय के समक्ष सहानुभूति पूर्वक अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक 18-12-2021

भवदीय,

Manoj Kumar Rai

**(मनोज कुमार राय)**
पीठासीन अधिकारी
मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण,
शाहजहाँपुर।